नगर निगम, शाहजहाँपुर।

## प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 10.11.2020

- **नगर आयुक्त महोदय द्वारा आज दिनांक 10.11.2020 को निर्माणाधीन एफ0एस0टी0पी0 (मल जल शोधन संयन्त्र) का किया गया निरीक्षण।**

नगर निगम द्वारा स्वच्छ वातावरण उपलब्ध कराये जाने के दृष्टिगत एफ0एस0टी0पी0 (मल जल शोधन संयन्त्र) का निर्माण प्रारम्भ कराया गया है। यह संयन्त्र गर्रा नदी के किनारे ककरा काकर कुण्ड में स्थापित किया जा रहा है। इसका कार्य उ0प्र0 जल निगम द्वारा कराया जा रहा है। नगर निगम, शाहजहाँपुर में 32 के0एल0डी0 क्षमता का रू0 4.67 करोड़ की एफ़0एस0टी0पी0 का अधिष्ठापन कार्य स्वीकृत है। दिनांक 05.09.2020 को कार्य प्रारम्भ किया गया है एवं इस कार्य के पूर्ण होने की तिथि 04.03.2021 है। आज दिनांक 10.11.2020 को नगर आयुक्त महोदय द्वारा निर्माणाधीन एफ़0एस0टी0पी0 का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में महाप्रबन्धक (जल) उप नगर आयुक्त एवं अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, उ0प्र0 जल निगम, शाहजहाँपुर के साथ कार्यदायी फर्म मै0 एस0एस0 इंजीनियरिंग डी–123 सेक्टर–7 नोयडा उ0प्र0 के प्रतिनिधि उपस्थित थे। निरीक्षण के दौरान यूनिट का खुदान कार्य एवं बाउंड्रीवाल का निर्माण कार्य प्रगति पर पाया गया। परन्तु साइड पर कार्य से सम्बन्धित विवरण सहित बोर्ड स्थापित नहीं था। नगर आयुक्त महोदय द्वारा उक्त बोर्ड शीघ्र लगाये जाने हेतु निर्देश दिये गये। इस हेतु उ0प्र0 जल निगम को 0.807 हेक्टेयर ज़मीन उपलब्ध करायी गयी है। जिसमें 0.795 हेक्टेयर ज़मीन का प्रयोग एफ़0एस0टी0पी0 के लिए होना है। जल निगम को उपलब्ध करायी भूमि के चारों ओर बाउंड्रीवाल बनाने के निर्देश दिये गये। एफ़0एस0टी0पी0 निर्माण के उपरान्त शेष भूमि का प्रयोग जलकल विभाग, नगर निगम के ज़ोनल आफ़िस, स्टोर, ओवर हेड टैंक एवं नलकूप अधिष्ठापन हेतु किया जायेगा।

एफ़0एस0टी0पी0 के अन्तर्गत टैंकर रिसेस्पन स्टेशन,स्क्रीन चैम्बर,सेप्टेज कलेक्शन टैंक,स्लज ड्रायर बेड (स्क्रूप्रेस), एनारोबिक डाइजेस्टर टैंक, इण्टरमीडिएट टैंक,एस0बी0आर0–1, एस0बी0आर0–2 ,क्लोरीन कान्टैक्ट कम फ़िल्टर फीड टैंक,एम0जी0एफ़0 व ए0सी0एफ़0 यूनिट, फ़ाइटोरिड बेड, स्लज स्टोरेज टैंक का निर्माण कार्य सम्मिलित है। इस परियोजना के पूर्ण होने के उपरान्त नगर वासियों को लैट्रिन सोकपिट के भरने के उपरान्त तत्काल उसके खाली करने की व्यवस्था उपलब्ध होगी। फ़ीकल स्लज का डिस्पोज़ल तकनीकी रूप से उचित स्थान पर हो सकेगा। उल्लेखनीय है कि अभी तक फ़ीकल स्लज को नाले अथवा खाली भूमि अथवा खेतों में किया जाता है, जिसके घातक रसायन से मानव, पशु–पक्षी, फ़सलों को क्षति पहुचने के साथ–साथ पर्यावरण भी प्रदूषित होता है। एफ़0एस0टी0पी0 बनने से भूमि, वायु, जल प्रदूषण से बचाव होगा। प्रोसेस्ड स्लज का उपयोग खाद के रूप में किया जा सकेगा। ट्रीटेड वाटर का रि–यूज़ कृषिकार्य, पार्कों में सिचाई, छिड़काव हेतु किया जा सकेगा।

नगर आयुक्त महोदय द्वारा नगर निगम में उपलब्ध 03 नग फ़ीकल स्लज सक्शन टैंकरों के अतिरिक्त निजी सक्शन टैंकर स्वामियों का सर्वेकर उनका पंजीकरण नगर निगम में कराने के निर्देश दिये साथ ही उ0प्र0 जल निगम को श्रमिक बढ़ाकर कार्य में तेज़ी लाने के निर्देश दिये गये। निरीक्षण के समय नगर आयुक्त महोदय श्री संतोष कुमार शर्मा, उप नगर आयुक्त श्री आशुतोष कुमार दुबे, महाप्रबन्धक (जल) श्री वी0एन0 द्विवेदी एवं संस्था मै0 एस0एस0 इंजीनियरिंग डी–123 सेक्टर–7 नोयडा उ0प्र0 के प्रतिनिधि श्री सुधीर त्रिपाठी उपस्थित रहे। नगर आयुक्त महोदय द्वारा महाप्रबन्धक (जल) को नियमित रूप से कार्य स्थल का भ्रमण कर प्रगति से अवगत कराने का निर्देश दिया गया।

उप नगर आयुक्त
नगर निगम,शाहजहाँपुर